

# मार्केटप्लेस के माध्यम से मेडिकेड और CHIP के लिए आवेदन करें

स्वास्थ्य बीमा बाज़ार/ हेल्थ इन्श्योरेन्स मार्केटप्लेस (Health Insurance Marketplace®) व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य कवरेज ढूंढने और उसके लिए साइन अप करने में मदद करता है। मार्केटप्लेस के ज़रिए कुछ लोग जो बीमा सुरक्षा के लिए आवेदन करते हैं, मेडिकेड या बाल स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (CHIP/सीएचआईपी) के माध्यम से बीमा सुरक्षा के लिए योग्यता प्राप्त करते हैं। यदि वे योग्यता प्राप्त करते हैं, तो राज्य उनका नामांकन करेगा।

मेडिकेड और CHIP (सीएचआईपी) मुफ्त या कम लागत वाले स्वास्थ्य कार्यक्रम हैं, जो कई लाभों को शामिल करते हैं, जिसमें इनपेशेंट और आउट पेशेंट अस्पताल में भर्ती, डॉक्टर सेवाएं और प्रिस्क्रिप्शन दवाएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के नाम राज्य के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। अपने राज्य में मेडिकेड और CHIP (सीएचआईपी) कार्यक्रम के नाम जान्ने के लिए HealthCare.gov/medicaid-chip-program-names पर जाएं।

## मैं मेडिकेड या CHIP (सीएचआईपी) के लिए आवेदन कैसे कर सकता हूँ?

2 तरीकों से आप आवेदन कर सकते हैं:

1. **मार्केटप्लेस के ज़रिए**
   - एक मार्केटप्लेस खाता बनाने और आवेदन को पूरा करने के लिए HealthCare.gov पर जायें।
   - अपने आवेदन पर "Check for all savings options" (सभी बचत विकल्पों पर सही का निशान लगाएँ) चुनें।
   - यदि आपके आवेदन की जानकारी से पता चलता है कि आपके घर में कोई व्यक्ति मेडिकेड या CHIP के लिए योग्यता प्राप्त कर सकता है, तो मार्केटप्लेस सुरक्षित रूप से आपके आवेदन को राज्य के साथ साझा करेगा। यदि आपके परिवार में कोई भी योग्य है, या यदि उन्हें पात्रता की पुष्टि करने के लिए अधिक जानकारी की आवश्यकता है, तो आपका राज्य आपसे संपर्क करेगा।
   - आप मार्केटप्लेस कॉल सेंटर को 1-800-318-2596 पर आवेदन करने के लिए कॉल भी कर सकते हैं। TTY उपयोगकर्ता इसपर कॉल कर सकते हैं 1-855-889-4325.

2. **सीधे अपने राज्य के साथ**
   - आवेदन करने के लिए, Medicaid.gov/about-us/beneficiary-resources/index.html#statemenu पर जाएं और आरंभ करने के लिए अपना राज्य ढूंढें।

## मेडिकेड या CHIP का पात्र कौन है?

मेडिकेड और CHIP कुछ कम आय वाले लोगों, परिवारों और बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुज़ुर्गों और विकलांग लोगों को मुफ्त या कम लागत वाली स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करते हैं। कुछ राज्यों में, कार्यक्रम अन्य वयस्कों को भी कवर करते हैं। मेडिकेड के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक आय वाले परिवारों के बच्चे और गर्भवती महिलाएं CHIP के लिए योग्यता प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप एक ऐसे राज्य में रहते हैं जिसने वयस्कों के लिए मेडिकेड का विस्तार किया है, और यदि आपकी आय 1 व्यक्ति के लिए $20,120 प्रति वर्ष, या 4 व्यक्तियों के परिवार के लिए $41,400 (अलास्का और हवाई में आय की रकम अलग-अलग हैं) है तो आप 2023 में पात्रता प्राप्त कर सकते हैं। आप आय के अलावा अन्य कारणों से भी योग्यता प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक राज्य की अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं जो मेडिकेड और CHIP के लिए आपकी पात्रता को प्रभावित कर सकती हैं, जैसे कि यदि आपके बच्चे हैं, गर्भवती हैं, या आप विकलांग हैं। यह पता लगाने के लिए कि आप योग्य हैं या नहीं, आवेदन करना और अपनी नवीनतम जानकारी देना महत्वपूर्ण है।

यदि आपकी आय सामान्य पात्रता राशि से अधिक है, तो भी आप अपनी चिकित्सा आवश्यकताओं के आधार पर कुछ राज्यों में मेडिकेड के लिए पात्रता प्राप्त कर सकते हैं। यह पता लगाने के लिए कि क्या आप इस कारण से योग्य हैं, आप अपना आवेदन जमा करने के बाद पूर्ण मेडिकेड निर्धारण का अनुरोध करने के लिए अपने मार्केटप्लेस आवेदन पर एक बॉक्स पर टिक कर सकते हैं।

## मेडिकेड किसे सुरक्षित करता है?

सभी राज्य मेडिकेड कार्यक्रम आम तौर पर सुरक्षित करते हैं:

- प्रमाणित बाल चिकित्सा और पारिवारिक नर्स पेशेवर सेवाएं
- डॉक्टर सेवाएं
- प्रारंभिक और आवधिक जांच, निदान और उपचार (EPSDT) सेवाएं
- परिवार नियोजन सेवाएं और आपूर्ति
- संघीय स्तर पर योग्य स्वास्थ्य केंद्र सेवाएं
- घरेलू स्वास्थ्य सेवाएं
- इनपेशेंट और आउटपेशेंट अस्पताल सेवाएं
- प्रयोगशाला और एक्स-रे सेवाएं
- लम्बी अवधि की देखरेख सेवाएं
- चिकित्सा प्रदाताओं के पास जाने-आने के लिए आवश्यक परिवहन
- नर्स मिडवाइफ़ सेवाएं
- प्रेस्क्रिप्शन दवाएं
- ग्रामीण स्वास्थ्य क्लिनिक सेवाएं
- गर्भवती महिलाओं के लिए तंबाकू बंद करना

ऊपर सूचीबद्ध सेवाओं की तुलना में, राज्य अधिक सेवाओं को भी सुरक्षित करना चुन सकते हैं।

## CHIP (सीएचआईपी) क्या सुरक्षित करता है?

प्रत्येक राज्य अपना CHIP (सीएचआईपी) कार्यक्रम चलाते हैं। राज्य CHIP (सीएचआईपी) सुरक्षा के लाभों पर निर्णय ले सकते हैं, लेकिन सभी राज्य जो सुरक्षित करते हैं वे हैं:

- डेंटल देखभाल
- आपातकालीन सेवाएं
- अस्पताल की देखभाल
- टीकाकरण
- प्रयोगशाला और एक्स-रे सेवाएं
- मानसिक स्वास्थ्य देखरेख
- प्रेस्क्रिप्शन दवाएं
- रेगुलर चेक-अप

CHIP (सीएचआईपी) के तहत बच्चों को भी मुफ्त निवारक देखभाल मिलती है। अन्य सेवाओं के लिए कुछ राज्य कम लागत साझाकरण (जैसे कटौती योग्य या सह-भुगतान) चार्ज कर सकते हैं।

## यदि मैं मेडिकेड या CHIP के लिए योग्यता प्राप्त करता/ती हूँ, तो क्या मुझे एक मार्केटप्लेस प्लान खरीदने की ज़रूरत है?

नहीं, यदि आपको अंतिम निर्णय मिल जाता है कि आप मेडिकेड के लिए योग्य हैं जो कि योग्य कवरेज या CHIP के रूप में गिना जाता है, तो आप मार्केटप्लेस योजना की लागत के भुगतान में सहायता के लिए प्रीमियम टैक्स क्रेडिट या अन्य बचत के लिए योग्य नहीं होंगे। इसका मतलब यह है कि यदि आप अभी भी मार्केटप्लेस कवरेज खरीदने का निर्णय लेते हैं, तो आपको योजना प्रीमियम और कवर की गई सेवाओं के लिए पूरी कीमत चुकानी होगी। पात्रता कवरेज के रूप में गिने जाने वाले मेडिकेड के बारे में अधिक जानने के लिए,HealthCare.gov/medicaid-limited-benefits यहां जाएं।

यदि आप मार्केटप्लेस कवरेज चुनते हैं, तो आपको अपनी राज्य मेडिकेड या CHIP एजेंसी को बताना चाहिए कि आप मार्केटप्लेस योजना में नामांकित हैं। यदि आप मार्केटप्लेस कवरेज में नामांकित हैं तो आप CHIP के लिए योग्यता प्राप्त नहीं कर सकते।

मेडिकेड या CHIP (सीएचआईपी) मिलने पर मार्केटप्लेस सुरक्षा को समाप्त करने के बारे में जानने के लिए, HealthCare.gov/medicaid-chip/canceling-marketplace-plan पर जाएं।

## मैं किस समय आवेदन कर सकता हूं?

चूंकि मेडिकेड और CHIP में ओपन नामांकन अवधि नहीं है, आप किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं, भले ही आपने हाल ही में अपना कवरेज खो दिया हो। आप कितनी बार आवेदन कर सकते हैं इसकी कोई सीमा नहीं है। मेडिकेड या CHIP के लिए आवेदन (या पुनः आवेदन) करने के लिए, Medicaid.gov/about-us/beneficiary-resources/index.html#statemenu पर जाएं और अगले चरणों के लिए अपना राज्य खोजें। यदि आप योग्तया प्राप्त करते हैं, तो आपका राज्य आपको आपका कवरेज शुरू होने की तारीख बताएगा। मेडिकेड और CHIP कवरेज की आरंभ तिथियां राज्य के आधार पर अलग-अलग होती हैं।

## मैं मेडिकेड और CHIP (सीएचआईपी) बारे में और कैसे जान सकता हूं?

- HealthCare.gov/medicaid-chip पर जायें।
- अपने राज्य की मेडिकेड और CHIP (सीएचआईपी) संपर्क जानकारी प्राप्त करने के लिए Medicaid.gov/about-us/beneficiary-resources/index.html#statemenu पर जायें।
- आपके राज्य में CHIP (सीएचआईपी) कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए InsureKidsNow.gov में जायें या 1-877-543-7669 पर कॉल करें।

## मुझे अधिक जानकारी कैसे मिल सकती है?

मार्केटप्लेस या आपके लाभों और सुरक्षा के जरिए कवरेज के बारे में अधिक जानने के लिए, **HealthCare.gov** पर जाएं या मार्केटप्लेस कॉल सेन्टर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY उपयोगकर्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

पर जाएं या मार्केटप्लेस कॉल सेन्टर को 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY उपयोगकर्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।
यदि आपको लगता है कि, आपके साथ भेदभाव हुआ है तो आपको शिकायत दर्ज करने का भी अधिकार मिलता है।
**CMS.gov/about-cms/agency-information/aboutwebsite/cmsnondiscriminationnotice** पर जाएँ या 1-800-318-2596 पर कॉल करें। TTY उपयोगकर्ता 1-855-889-4325 पर कॉल कर सकते हैं।

**Health Insurance Marketplace**
CMS Product No. 11800-HI (Hindi)
July 2023
This product was produced at U.S. taxpayer expense.
Health Insurance Marketplace® is a registered service mark of the U.S. Department of Health & Human Services.

HealthCare.gov